SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

# नराकास सचिवालय

फा०सं० : भाखेप्रा/रा०भा०/नराकास /3085/2025-26 /321-406 दिनांक : 11.12.2025

सेवा में,

कार्यालय प्रमुख,
समस्त सदस्य कार्यालय,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास),
दक्षिण दिल्ली – 2

**विषय :- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) दक्षिण दिल्ली – 2 की छठी छमाही बैठक के आयोजन के संबंध में ।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त संदर्भ में, सूचित किया जाता है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (दक्षिण दिल्ली – 2) की छठी छमाही बैठक **श्री हरि रंजन राव, आई.ए.एस सचिव, खेल एवं महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) दक्षिण दिल्ली – 2 की अध्यक्षता में दिनांक 30 दिसंबर, 2025 को दोपहर 3:30 बजे विज्ञान भवन के सभागार संख्या – 5 में** आयोजित की जाएगी।

सभी कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे नराकास की इस बैठक में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा साथ ही बैठक में भाग लेने वाले 02 अधिकारियों (01 कार्यालय प्रमुख तथा 01 राजभाषा से जुड़े अधिकारी) की उपस्थिति सूचना narakas.saiho@gmail.com पर ई-मेल के द्वारा भेजने की कृपा करें ताकि विज्ञान भवन में सुरक्षा, पंजीकरण एवं बैठक संबंधित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति रिपोर्ट संसदीय राजभाषा समिति एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को भेजी जाएगी।

कार्यालय प्रमुखों से यह भी अनुरोध है कि जिन्होंने अभी तक अपनी छमाही रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है वे अतिशीघ्र अपनी छमाही रिपोर्ट भिजवाने का कष्ट करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(डॉ.गीता पाराशर) 11/12/23
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

**<u>प्रतिलिपि :</u>**

1. महानिदेशक, भाखेप्रा के उप निदेशक
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दि.) तृतीय तल, त्रिकुट-II भीकाजी कामा प्लेस, आर.के.पूरम, नई दिल्ली – 66
4. सभी नोडल कार्यालय, नराकास (दक्षिण दिल्ली-2) – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु
5. मास्टर फाईल